## Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 07/10/2024 |
| Exam Time | 9:00 AM - 11:00 AM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** निम्नलिखित तालिका में वर्ष 2007 से 2011 तक तीन कंपनियों A, B और C द्वारा निर्मित मोबाइल फोन की संख्या (हजार में) दर्शाई गई है।

| वर्ष/कंपनी का नाम | A | B | C |
|---|---|---|---|
| 2007 | 450 | 650 | 540 |
| 2008 | 310 | 820 | 950 |
| 2009 | 1090 | 1080 | 1150 |
| 2010 | 1675 | 1700 | 1500 |
| 2011 | 2532 | 2120 | 2420 |

किस कंपनी ने और किस वर्ष में अन्य सभी कंपनियों की तुलना में सबसे अधिक मोबाइल फोन का निर्माण किया?

**Ans** A). कंपनी C ने, 2011 में B). कंपनी A ने, 2010 में C). कंपनी A ने, 2011 में D). कंपनी B ने, 2009 में

**Correct Answer: C**

**Q.2** एक फोल्डिंग बेड का अंकित मूल्य ₹18,000 है। अमन ने इसे 15% और 10% की दो क्रमिक छूट के बाद खरीदा। उसने परिवहन पर ₹830 व्यय किए और इसे ₹18,440 में बेच दिया। उसका लाभ ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹3,148 B). ₹3,840 C). ₹2,869 D). ₹3,539

**Correct Answer: B**

**Q.3** ₹2,380 की राशि को दो भागों में उधार दिया जाता है, एक 25% वार्षिक पर और दूसरी 20% वार्षिक पर। यदि कुल वार्षिक आय ₹500 है, तो 25% की दर पर उधार दी गई राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 240 B). 480 C). 560 D). 320

**Correct Answer: B**

**Q.4** सुरेंद्र ने ₹2,500 में एक पुरानी साइकिल खरीदी और उसकी मरम्मत पर ₹300 खर्च किए। उसने इसे ₹3,000 में बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $11\frac{2}{3}\%$ B). $7\frac{1}{7}\%$ C). $7\frac{5}{9}\%$ D). $13\frac{4}{11}\%$


**Correct Answer: B**

**Q.5** यदि 3% और 6% के लाभ पर किसी वस्तु के विक्रय मूल्य के बीच नकद अंतर ₹9 है, तो निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प विक्रय मूल्यों के बीच सही अनुपात है?

**Ans** A). 101 : 105 B). 103 : 100 C). 103 : 106 D). 101 : 103

**Correct Answer: C**

**Q.6** निम्नलिखित ग्राफ एक उद्योग की पांच अलग-अलग शाखाओं में वास्तविक और लक्षित आय (करोड़ में) को दर्शाता है। ग्राफ का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए:




| | नागपुर | पंजाब | हैदराबाद | भुवनेश्वर | नासिक |
|---|---|---|---|---|---|
| वास्तविक | 20 | 25 | 30 | 45 | 40 |
| लक्षित | 15 | 30 | 30 | 35 | 60 |

सभी शाखाओं की कुल वास्तविक आय और कुल लक्षित आय का अनुपात क्या है?

**Ans** A). 13 : 14 B). 17 : 16 C). 14 : 13 D). 16 : 17

**Correct Answer: D**

**Q.7** एक विक्रेता दूध में पानी मिलाकर और इस मिश्रण को क्रय मूल्य पर बेचकर 25% लाभ प्राप्त करना चाहता है। मिश्रण में पानी और दूध का अनुपात ज्ञात करें।

**Ans** A). 2 : 7 B). 2 : 5 C). 1 : 4 D). 1 : 5

**Correct Answer: C**

**Q.8** स्थिर जल में एक नाव की चाल 15 km/h है और धारा की चाल 3 km/h है। धारा के अनुकूल 12 मिनट में कितनी दूरी (km में) तय की जा सकती है?

**Ans** A). 3.6 B). 3.5 C). 3.7 D). 3.4

**Correct Answer: A**

**Q.9** एक व्यक्ति क्रमशः 3 km/hr, 4 km/hr और 8 km/hr की चाल से समान दूरियां तय करता है और कुल मिलाकर 425 मिनट लेता है। उसके द्वारा तय की गई कुल दूरी (km में) कितनी है?

**Ans** A). 32 B). 27 C). 30 D). 28

**Correct Answer: C**

**Q.10** राजू ने 4 लैपटॉप को कुल मिलाकर ₹1,54,005 में बेचा और उसे 25% की हानि हुई। 25% का लाभ अर्जित करने के लिए उसे लैपटॉप को कितने में बेचना चाहिए?

**Ans** A). ₹2,31,007.5 B). ₹2,56,675 C). ₹2,05,340 D). ₹2,25,820

**Correct Answer: B**

**Q.11** यदि एक गोले का आयतन और पृष्ठीय क्षेत्रफल संख्यात्मक रूप से समान हैं, तो इसके अर्ध-गोले का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए। (दशमलव के दो स्थानों तक सही, $\pi = 3.14$ का उपयोग कीजिए)

**Ans** A). 65.52 B). 56.52 C). 56.25 D). 65.25

**Correct Answer: B**

**Q.12** 14 cm त्रिज्या वाले उस वृत्त के शेष भाग का क्षेत्रफल क्या होगा, जब उसमें उत्कीर्ण किए गए (inscribed) अधिकतम संभावित क्षेत्रफल वाले वर्ग को उसमें से निकालकर अलग कर दिया जाता है? ($\pi = 22/7$ का उपयोग करें)

**Ans** A). 518 $cm^2$ B). 520 $cm^2$ C). 616 $cm^2$ D). 224 $cm^2$

**Correct Answer: D**

**Q.13** 4 वर्षों के लिए 6% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 760 B). 660 C). 720 D). 680

**Correct Answer: C**

**Q.14** दो बर्तन, A और B में स्पिरिट और पानी का अनुपात क्रमशः 3 : 4 और 5 : 3 है। बर्तन C में 4 : 3 के अनुपात में स्पिरिट और पानी युक्त एक नया मिश्रण प्राप्त करने के लिए इन दोनों मिश्रणों को किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए।

**Ans** A). 3 : 7 B). 3 : 8 C). 5 : 8 D). 4 : 7

**Correct Answer: B**

**Q.15** 12 पुरुषों की औसत आयु में 6 वर्ष की वृद्धि तब हो जाती है, जब उनमें से 36, 40 और 44 वर्ष आयु वाले तीन पुरुषों के स्थान पर 3 अन्य व्यक्ति आ जाते हैं। 3 व्यक्तियों की औसत आयु कितनी है?

**Ans** A). 50 वर्ष B). 58 वर्ष C). 64 वर्ष D). 67 वर्ष

**Correct Answer: C**

Q.16 विद्यार्थी परिषद के चुनाव में तीन प्रत्याशी थे। सभी मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया और 10% मत अवैध घोषित कर दिए गए। प्रत्याशियों को 8 : 7 : 5 के अनुपात में मत मिले। यदि सूची में दूसरे उम्मीदवार को 4725 मत मिले, तो वैध मतों की कुल संख्या क्या है?

**Ans** A). 11,500 B). 10,000 C). 9,000 D). 13,500

**Correct Answer: D**

Q.17 एक अर्धगोलाकार कटोरा किनारे पर 264 cm गोल है। मान लीजिए कि यह कटोरा पेय पदार्थ से आधा भरा हुआ है। यदि पेय पदार्थ शीर्ष पर 6 cm व्यास वाले अर्धगोलाकार गिलास में परोसा जाता है, तो यह कितने व्यक्तियों को परोसा जाएगा?

**Ans** A). 1372 B). 1170 C). 1270 D). 1470

**Correct Answer: A**

Q.18 84 और 108 का महत्तम समापवर्तक_________ है।

**Ans** A). 16 B). 12 C). 6 D). 8

**Correct Answer: B**

Q.19 32 महिलाओं के एक समूह की औसत आयु 60 वर्ष है और 40 पुरुषों के एक दूसरे समूह की औसत आयु 33 वर्ष है। दोनों समूहों की मिलाकर औसत आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 46.5 वर्ष B). 48 वर्ष C). 45 वर्ष D). 42 वर्ष

**Correct Answer: C**

Q.20 6 वर्षों के लिए 9% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1310 B). 1290 C). 1390 D). 1350

**Correct Answer: D**

## Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**


Q.1 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**GGB, HHD, IKH, JPN, ?**


**Ans** A). KWV B). OUV C). OWV D). PUV


**Correct Answer: A**


Q.2 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 


**Correct Answer: B**

Q.3 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FLOAT' को '14238' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'BLOAT' को '23849' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। इसी कूट भाषा में 'F' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans** A). 4 B). 1 C). 9 D). 2

**Correct Answer: B**

Q.4 यदि दर्पण को नीचे दर्शाए गए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




**Ans** A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

**Q.5** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**1, 17, 33, 49, 65, ?**

**Ans** A). 77 B). 80 C). 81 D). 79

**Correct Answer: C**

**Q.6** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

**8 + 2 – 1 × 1 ÷ 1 = ?**

**Ans** A). 10 B). 5 C). 3 D). 7

**Correct Answer: D**

**Q.7** सात सहेलियां, कमला, रवीना, अमृता, निशा, गौतमी, भावना और त्रिवेणी, एक वृत्ताकार खाने की मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठी हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठी हों)। रवीना, निशा के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठी है। गौतमी की निकटतम पड़ोसी कमला और त्रिवेणी हैं। त्रिवेणी, निशा के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठी है। अमृता, निशा की निकटतम पड़ोसी नहीं है। भावना के बाएं से चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans** A). कमला B). रवीना C). निशा D). त्रिवेणी

**Correct Answer: D**

**Q.8** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, प्रथम संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**24, 73**
**27, 82**

**Ans** A). 33, 101 B). 32, 100 C). 32, 101 D). 33, 100


**Correct Answer: D**

**Q.9** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर PLRN एक निश्चित प्रकार से QMSO से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार LHNJ, MIOK से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए HDJF निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?


**Ans** A). IEKG B). IEGK C). EIGK D). EIKG


**Correct Answer: A**


**Q.10** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जो पैटर्न को पूरा करने के लिए नीचे दी गई आकृति में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।





**Ans**

A). 


B). 

C). 


D). 


**Correct Answer: C**


**Q.11** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

**Q.12** एक निश्चित कूट भाषा में, 'father makes tea' को 'ib fx ey' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'tea and coffee' को 'kr ey wn' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'tea' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

**Ans** A). fx    B). ey    C). kr    D). wn

**Correct Answer: B**

**Q.13** 519, एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 781 से संबंधित है। 642, उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 904 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 485, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 721    B). 756    C). 794    D). 747

**Correct Answer: D**

**Q.14** FI29 एक निश्चित प्रकार से TW49 से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार LO38, ZC58 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RU65 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). FI85    B). FE85    C). EF58    D). IF58

**Correct Answer: A**

**Q.15** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी ग्रह, चट्टानें हैं।
सभी चट्टानें, झीलें हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी ग्रह, झीलें हैं।
(II) सभी चट्टानें, ग्रह हैं।

**Ans** A). निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II), दोनों अनुसरण करते हैं    B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है    C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है    D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Correct Answer: D**

**Q.16** एक निश्चित कूट भाषा में, 'GIFT' को '5197' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FIST' को '4157' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। इसी भाषा में 'S' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans** A). 1    B). 4    C). 9    D). 5

**Correct Answer: B**

**Q.17** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष इन कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ पतंगें, चट्टानें हैं।
सभी चट्टानें, पत्थर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कम से कम कुछ पतंगें, पत्थर हैं।
(II) सभी पत्थर, चट्टानें हैं।

**Ans** A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।    B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।    C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।    D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Correct Answer: D**

**Q.18** यदि '+' और '×' को आपस में बदल दिया जाए तथा '÷' और '−' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
15 ÷ 5 + 8 − 4 × 7 = ?

**Ans** A). 18    B). 22    C). 12    D). 25

**Correct Answer: C**

**Q.19** M, N, O, P, Q और R एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। N, R के ठीक दाएँ बैठा है। M, N के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। P, M के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। O, P के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। Q के ठीक दाएँ कौन बैठा है?

**Ans** A). M    B). P    C). R    D). O

**Correct Answer: B**

**Q.20** एक निश्चित कूट भाषा में, 'MOVE' को '3917' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'EAST' को '4692' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 2    B). 4    C). 9    D). 7

**Correct Answer: C**

Section : **General Awareness**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सी मंदिर वास्तुकला की वह शैली है जिसे उत्तरी भारत में व्यापक रूप से पसंद किया जाता है?

Ans A). नागर B). मंडप C). द्रविड़ D). विहार

**Correct Answer: A**

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा पर्वत शिखर (mountain peak) हिमालय का एक भाग है?

Ans A). धूपगढ़ (Dhupgarh) B). कलसूबाई (Kalsubai) C). कामेट (Kamet) D). तारामती (Taramati)

**Correct Answer: C**

**Q.3** जनगणना 2011 के अनुसार भारत का लिंगानुपात कितना है?

Ans A). 950 B). 933 C). 943 D). 998

**Correct Answer: C**

**Q.4** एस. अब्दुल नज़ीर (S Abdul Nazeer) को फरवरी 2023 में _______ का राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

Ans A). केरल B). गोवा C). आंध्र प्रदेश D). महाराष्ट्र

**Correct Answer: C**

**Q.5** 13वीं शताब्दी का वह प्रसिद्ध विनीशियन (Venetian) यात्री कौन था, जिसने केरल की यात्रा की थी?

Ans A). अब्दुर रज्जाक B). मार्को पोलो C). निकोलो कोंटी D). बारथेमा

**Correct Answer: B**

**Q.6** पंडित अरविंद थत्ते (Pandit Arvind Thatte) निम्नलिखित में से किस घराने से संबंधित हैं?

Ans A). इंदौर घराना B). आगरा घराना C). मेवाती घराना D). बनारस घराना

**Correct Answer: C**

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भारतीय नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों के लक्ष्यों से संबंधित नहीं है?

Ans A). संरक्षित करना (Preserve) B). आदर (Respect) C). साहस (Courage) D). संजोना (Cherish)

**Correct Answer: C**

**Q.8** कलामंडलम कृष्णन नायर (Kalamandalam Krishnan Nair) भारत की निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य शैली में एक जानी-मानी हस्ती थे?

Ans A). भरतनाट्यम B). मोहिनीअट्टम C). कथकली D). कुचिपुड़ी

**Correct Answer: C**

**Q.9** ________भारतीय लोक और आदिवासी नृत्य के साथ संयुक्त करके भारतीय शास्त्रीय नृत्य में यूरोपीय नाट्य तकनीकों को अपनाकर मिश्रित (fusion) कला बनाने के लिए प्रसिद्ध थे।

Ans A). गुरु बिपिन सिंह B). बिरजू महाराज C). केलुचरण महापात्र D). उदय शंकर

**Correct Answer: D**

**Q.10** 2011 की भारतीय जनगणना के लिए भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त कौन थे?

Ans A). डॉ. सी. चंद्रमौली B). विवेक जोशी C). जयंत कुमार बंठिया D). देवेंद्र कुमार सीकरी

**Correct Answer: A**

**Q.11** हर्षवर्धन राज्यश्री की बहन का विवाह कान्यकुब्ज (Kanyakubja) के मौखरी वंश के राजा ___________ के साथ हुआ था।

Ans A). इसनवर्मन (Isanavarman) B). देवगुप्त (Devagupta) C). ग्रहवर्मन (Grahavarman) D). शशांक (Sasanka)

**Correct Answer: C**

**Q.12** जब खमीर शर्करा को किण्वित करता है तो ब्रेड में खमीरीकरण प्रभाव (leavening effect) मुख्य रूप से किस गैस के कारण होता है?

Ans A). हीलियम B). ऑक्सीजन C). नाइट्रोजन D). कार्बन डाइऑक्साइड

**Correct Answer: D**

**Q.13** 2023 में किस टीम ने महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी (Women's Asian Hockey Champions Trophy) जीती?

Ans A). जापान B). मलेशिया C). भारत D). दक्षिण कोरिया

**Correct Answer: C**

**Q.14** 10 अक्टूबर 2023 तक की स्थिति के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन राज्यसभा का पदेन सभापति (ex-officio Chairperson) है?

Ans A). जगदीप धनखड़ (Jagdeep Dhankar) B). प्रकाश जावड़ेकर (Prakash Javdekar) C). वीरेन्द्र कुमार (Virendra Kumar) D). पीयूष गोयल (Piyush Goyal)

**Correct Answer: A**

**Q.15** निम्नलिखित में से किसने 5 मार्च, 1931 को लॉर्ड इरविन के साथ एक संधि पर हस्ताक्षर किए?

Ans A). महात्मा गाँधी B). बी आर अम्बेडकर C). जवाहर लाल नेहरू D). सुभाष चंद्र बोस

**Correct Answer: A**

**Q.16** हीलियम गैस को _______ द्वारा द्रव अवस्था में परिवर्तित किया जा सकता है।

Ans A). लंदन आकर्षण बल (London forces of attraction) B). द्विध्रुव-प्रेरित द्विध्रुवीय आकर्षण बल (dipole-induced dipole forces of attraction) C). हाइड्रोजन आबंधन अभिक्रिया (hydrogen bonding interaction) D). आकर्षण का द्विध्रुवीय-द्विध्रुवीय बल (dipole-dipole forces of attraction)

**Correct Answer: A**

**Q.17** सरहुल (Sarhul) आदिवासियों का कृषि से संबंधित एक त्यौहार है, जो मुख्य रूप से भारत के ________ राज्य में मनाया जाता है।

Ans A). सिक्किम B). उत्तराखंड C). गुजरात D). झारखंड **Correct Answer: D**

**Q.18** निम्नलिखित में से किस प्रणाली में राजस्व एकत्र करके कंपनी को भुगतान करने का प्रभार जमींदार के स्थान पर ग्राम प्रधान को दिया गया था?

Ans A). जमींदारी (Zamindari) B). रैयतवारी (Ryotwari) C). इक्तादारी (Iqtadari) D). महलवारी (Mahalwari) **Correct Answer: D**

**Q.19** जब कोई नदी अपने मध्य मार्ग में होती है तो वह नदी निम्नलिखित में से कौन-सा भू-दृश्य (landscape) बनाने में सक्षम होती है?

Ans A). झरने (Waterfalls) B). एक डेल्टा (A delta) C). एक विसर्प (A meander) D). V आकार की घाटी (V shaped valley) **Correct Answer: C**

**Q.20** किस तमिल सुपरस्टार ने 2 फरवरी 2024 को 'पिरप्पोक्कुम एल्ला उयिरक्कुम' (जन्म से सभी समान हैं) के नारे के साथ तमिलनाडु और पुदुचेरी में तमिलागा वेट्री कज़गम (Tamilaga Vettri Kazhagam - TVK) राजनीतिक पार्टी की स्थापना की?

Ans A). रजनीकांत B). विजय C). धनुष D). कमल हसन **Correct Answer: B**

**Q.21** इंदिरा गांधी नहर (Indira Gandhi Canal) से निम्नलिखित में से किस राज्य को लाभ हुआ?

Ans A). राजस्थान B). उत्तर प्रदेश C). मध्य प्रदेश D). गुजरात **Correct Answer: A**

**Q.22** लाइसोसोम (lysosomes) के भीतर पाचन एंजाइम _____ द्वारा बनाए जाते हैं।

Ans A). रूक्ष अंतःप्रद्रव्य जालिका (rough endoplasmic reticulum) B). स्वयं प्लास्टिड (plastids themselves) C). गॉल्जी उपकरण (Golgi apparatus)
D). सूत्रकणिका (mitochondria) **Correct Answer: A**

**Q.23** 1982 में फुटबॉल के नेहरू कप प्रतियोगिता (Nehru Cup event) के उद्घाटन वर्ष में, कौन-सी टीम पहले संस्करण की विजेता बनकर उभरी?

Ans A). घाना (Ghana) B). उरुग्वे (Uruguay) C). पोलैंड (Poland) D). ऑस्ट्रेलिया (Australia) **Correct Answer: B**

**Q.24** 'माई कंट्री माई लाइफ (My Country My Life)' किसकी आत्मकथा है?

Ans A). लाल कृष्ण आडवाणी B). नटवर सिंह C). मनमोहन सिंह D). खुशवंत सिंह **Correct Answer: A**

**Q.25** आरक्षित नकदी निधि अनुपात क्या है?

Ans A). जमा का प्रतिशत जो किसी बैंक को केंद्रीय बैंक के पास आरक्षित नकदी निधि के रूप में रखना चाहिए
B). जमा का प्रतिशत जो एक बैंक को किसी भी बैंक के पास आरक्षित नकदी निधि के रूप में रखना चाहिए
C). जमा का प्रतिशत जो केंद्रीय बैंक को सरकार के पास आरक्षित नकदी निधि के रूप में रखना चाहिए
D). जमा का प्रतिशत जो केंद्रीय बैंक को किसी बैंक के पास आरक्षित नकदी निधि के रूप में रखना चाहिए **Correct Answer: A**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** Identify the ODD word from the given options.

Ans A). Golf B). Billiards C). Carom D). Table tennis **Correct Answer: A**

**Q.2** Select the most appropriate meaning of the given idiom.

**Run errands**

Ans A). To participate in a race through unfair means B). To do something incorrectly or erroneous in haste
C). To go out to buy or do something D). To finish running before the end point **Correct Answer: C**

**Q.3** Select the option that rectifies the spelling of the underlined word in the given sentence.
The concert was canceeled due to rain.

Ans A). Cancaeled B). Cancelled C). Cencelled D). Cancealed **Correct Answer: B**

**Q.4** Select the most appropriate degree of comparison to fill in the blank.

**Many ornithologists believe that the northern mocking birds are __________ wild birds in the jungle.**

Ans A). the noisiest B). noisy C). noisier D). the noisy **Correct Answer: A**

**Q.5** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

**Entice**

Ans A). Tangle B). Allure C). Invite D). Repulse **Correct Answer: D**

**Q.6** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Leisure activities can improve an individual's physical and mental health by ________ stress, and offering a pleasurable experience.**

**Ans** A). relieving B). irritating C). upsetting D). reconstructing

**Correct Answer: A**

**Q.7** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Conscious**

**Ans** A). Secure B). Unaware C). Sentimental D). Sensible

**Correct Answer: B**

**Q.8** **Select the most appropriate synonym of the word given in brackets to fill in the blank.**

**The rivals in the institution _____ (fabricated) evidence and manipulated the whole dataset.**

**Ans** A). fluctuated B). forged C). destroyed D). wrecked

**Correct Answer: B**

**Q.9** **Select the most appropriate ANTONYM to substitute the underlined word in the given sentence.**

**In what ways do you find technological advancements <u>beneficial</u> to your daily life?**

**Ans** A). unfathomable B). unapproachable C). unfavourable D). unwarranted

**Correct Answer: C**

**Q.10** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**

**My friend, / Priya looks more cheerful today / as she celebrates her birthday.**

**Ans** A). No error B). My friend, C). as she celebrates her birthday D). Priya looks more cheerful today

**Correct Answer: A**

**Q.11** **Select the most appropriate meaning of the underlined idiom.**

**He <u>gnashed his teeth</u> at his son's actions.**

**Ans** A). expressed rage B). expressed disappointment C). expressed sadness D). expressed joy

**Correct Answer: A**

**Q.12** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Unambiguous B). Endengered C). Intransigence D). Spouse

**Correct Answer: B**

**Q.13** **Select the most appropriate option to fill in the blank**
**School classrooms have _________ very little over the last century.**

**Ans** A). unconcerned B). freed C). changed D). startled

**Correct Answer: C**

**Q.14** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**He is waiting / at airport to receive / Mr. Smith, who is / coming from South Africa.**

**Ans** A). Mr. Smith, who is B). at airport to receive C). He is waiting D). coming from South Africa.

**Correct Answer: B**

**Q.15** **Select the option that will improve the underlined part of the given sentence.**

**Arun asks Smita to copy the contents of the document <u>word by word</u>.**

**Ans** A). word for word B). word par word C). word to word D). word with word

**Correct Answer: A**

**Q.16** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains anerror in phrasal verb.**

**Tina dropped behind of / college and / went straight / into a good job.**

**Ans** A). Tina dropped behind of B). went straight C). into a good job D). college and

**Correct Answer: A**

**Q.17** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**He cheated in the [A] / examination, making his [B] / already-falling academic [C] / credentials worst. [D]**

**Ans** A). B B). C C). A D). D

**Correct Answer: D**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in the blanks.**

**Our _____ conducted a _____ to get everyone's opinion.**

**Ans** A). principal; poll B). principal; pole C). principle; poll D). principle; pole

**Correct Answer: A**

**Q.19** **Select the correctly spelt word to fill in the blank.**
**We are entering a point where technology will change at __________ speeds.**

**Ans** A). extreme B). suprime C). modarate D). inferier

**Correct Answer: A**

**Q.20** **In the following sentence the underlined part contains an error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**The new almirah is big than this one.**

**Ans** A). biggest B). more big C). bigger D). more bigger

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Dolphins 1_________ regarded as the friendliest creatures in the sea, and stories of them helping drowning sailors have been common since Roman times. The more we 2____________ about dolphins, the more we realise that their society is more complex 3__________ people previously imagined. They look 4____________ other dolphins when they are ill, care for pregnant 5___________ and protect the weakest in the community, as we do.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). has B). are C). was D). is

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Dolphins 1_________ regarded as the friendliest creatures in the sea, and stories of them helping drowning sailors have been common since Roman times. The more we 2____________ about dolphins, the more we realise that their society is more complex 3__________ people previously imagined. They look 4____________ other dolphins when they are ill, care for pregnant 5___________ and protect the weakest in the community, as we do.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). learn B). learning C). learns D). learned

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Dolphins 1_________ regarded as the friendliest creatures in the sea, and stories of them helping drowning sailors have been common since Roman times. The more we 2____________ about dolphins, the more we realise that their society is more complex 3__________ people previously imagined. They look 4____________ other dolphins when they are ill, care for pregnant 5___________ and protect the weakest in the community, as we do.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). the B). for C). to D). than

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Dolphins 1_________ regarded as the friendliest creatures in the sea, and stories of them helping drowning sailors have been common since Roman times. The more we 2____________ about dolphins, the more we realise that their society is more complex 3__________ people previously imagined. They look 4____________ other dolphins when they are ill, care for pregnant 5___________ and protect the weakest in the community, as we do.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). on B). up C). into D). after

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Dolphins 1_________ regarded as the friendliest creatures in the sea, and stories of them helping drowning sailors have been common since Roman times. The more we 2____________ about dolphins, the more we realise that their society is more complex 3__________ people previously imagined. They look 4____________ other dolphins when they are ill, care for pregnant 5___________ and protect the weakest in the community, as we do.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). uncles B). fathers C). mothers D). brothers

**Correct Answer: C**